PUBLICATION : RAJASTHAN PATRIKA (RJP)

EDITION : JAIPUR

DATE : 17TH DECEMBER 2014, PAGE NO. : 1 PATRIKA PLUS

पलो की इंटरस्टेट मीट में हुआ 'लॉ इफेक्टिंग वुमन इन इंडिया' का लॉन्च। सिंगर कविता सेठ और राइटर सोनिया गोलानी से हुआ टॉक शो।

सफलता के लिए समझौते नहीं, मेहनत चाहिए

नेशनल फ्लो की ओर से आयोजित इंटरस्टेट मीट के दूसरे दिन 'लॉ इफेक्टिंग वुमन इन इंडिया' बुक लॉन्च की गई। जगतपुरा रोड स्थित एक होटल में चल रही इस मीट के कन्वर्जेंस प्रोग्राम में मुम्बई से आई राइटर सोनिया गोलानी और बॉलीवुड सिंगर कविता सेठ ने मेम्बर्स से अपने अनुभव शेयर किए। इस मौके पर फ्लो जयपुर की चेयरपर्सन अपरा कुच्छल की ओर से रामबाग पोलो ग्राउंड में पोलो मैच भी करवाया गया।

'डिकोडिंग बॉलीवुड'

एंटरप्रेन्योर और राइटर सोनिया गोलानी ने अपनी बुक 'डिकोडिंग बॉलीवुड' को जयपुर में लॉन्च किया। सिनेमा के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लिखी इस बुक में बॉलीवुड के टॉप-15 डायरेक्टर्स और उनकी जर्नी को शामिल किया गया है। सोनिया बताती है कि 'इस बुक में मैंने अनुराग बसु, आशुतोष गोवारिकर, महेश भट्ट, कबीर खान, ए. बाल्की जैसे डायरेक्टर्स की जिंदगी को ईमानदारी से लिखने का प्रयास किया है। सोनिया का कहना है कि अभी तो जो बातें लोग जानते थे, वह 20 परसेंट भी नहीं है। किताब पढ़कर इनकी लाइफ और स्ट्रगल को और करीब से जाना जा सकता है।'

तीन साल घर बैठी रही

बॉलीवुड और सूफी सिंगर कविता सेठ ने जिंदगी के अनछुए पहलू शेयर किए। वे 'वेकअप सिड', 'कॉकटेल' और 'राजनीति' मूवी में हिट नंबर्स गा चुकी है। कविता कहती है कि 'मैं तीन साल घर में बैठकर सूफी संगीत का रियाज करती रही। अच्छे मौके का इंतजार किया, बजाय समझौता करने के। अच्छे ऑफर आए और पहचान बन गई। मुझे आइटम नम्बर गाने में एतराज नहीं है, बशर्ते उनके शब्द महिलाओं को जलील करने वाले और भद्दे ना हों।'